# NAVODAYAN CANVAS

**"Creating the future with knowledge and imagination"**

**(2025-26)**





ACHIEVEMENTS | ARTS & CULTURE |
ACADEMICS | SPORTS | EVENTS

# Glimpses of the school

















# ABOUT THE SCHOOL

On December 20, 1987, a momentous occasion unfolded with the laying of the foundation stone for Jawahar Navodaya Vidyalaya in Pawarkheda, Narmadapuram, by the Honorable Shri Motilal Vora, who was the Chief Minister of Madhya Pradesh at the time. The school is situated on approximately 20 acres of lush, forested land, with buildings interconnected by paved pathways that offer breathtaking views at every turn.

The campus features a harmonious blend of historic and modern architecture, including the elegant old Quad, state-of-the-art facilities, and newly refurbished student hostels and staff accommodations. The academic buildings, which house several classrooms, are linked by a comprehensive computer network. This infrastructure facilitates the widespread use of email and an intranet system, enabling seamless communication among staff, students, and administration.

Nestled amidst a grove of eucalyptus trees along the Nagpur-Betul National Highway (NH-69) in Pawarkheda, the Vidyalaya is located in the picturesque Satpura Tiger Reserve, at an elevation of approximately 278 meters.



# PRINCIPAL'S DESK



Dear Students, Staff, Parents, and Well-Wishers,

It is with a sense of profound pride and joy that I present to you this latest edition of our school magazine—Navodayan Canvas. This publication is more than just a record of events; it is a vibrant canvas reflecting the talent, spirit, and academic journey of our Jawahar Navodaya Vidyalaya family here in the heart of Madhya Pradesh.

At JNV Narmadapuram, we believe true education flows like the eternal Narmada—constant, nurturing, and life-giving. Our mission focuses on character building, fostering a scientific temper, and instilling the core values of integrity and compassion. We aim to provide an environment where every student feels empowered to explore their potential and navigate the challenges of the modern world with confidence.

As we look back on the achievements of the past year, I am deeply moved by the dedication shown by our students and staff. This magazine stands as a testament to your perseverance and hard work. I congratulate the editorial board for their meticulous efforts in weaving these diverse stories into a beautiful narrative.

I express my sincere gratitude to our teachers, supportive parents, and enthusiastic students. May the pages of Navodayan Canvas inspire you to reach for the stars while staying rooted in our shared values of unity and excellence.

With warm regards and best wishes,

Mrs. Jyoti Singh
Principal
Jawahar Navodaya Vidyalaya, Narmadapuram

# VICE PRINCIPAL'S DESK



*It gives me great delight to address our vibrant school community through this edition of the school magazine "Navodayan Canvas."*

*A school is not merely a place of learning; it is a nurturing ground where young minds are shaped, values are instilled, and dreams begin to take flight. Education in JNV transcends the boundaries of textbooks, nurturing values such as discipline, integrity, compassion, and resilience. Our students continue to demonstrate remarkable potential across academics, sports, cultural activities, and social responsibility. Their curiosity, discipline and enthusiasm across academics, sports and co-curricular activities are quite appreciable. This publication stands as a reflection of the dynamic spirit, creativity, and intellectual curiosity that define our Vidyalaya. Each achievement, big or small, reflects the collective effort of students, teachers, and parents working in harmony. I commend our dedicated staff for their unwavering commitment to excellence and holistic development.*

*In today's rapidly changing world, critical thinking, creativity, empathy, and resilience are the essential qualities we must strive to cultivate in our learners. Let us continue to work together in fostering an environment, which includes the traditions and values of our beloved institution, our beloved JNV Narmadapuram, alongwith innovation and progress , that empowers our students to become responsible citizens and compassionate human beings.*

*With best wishes,*

*Mrs. Kavya Dubey*
*Vice Principal*
*Jawahar Navodaya Vidyalaya Narmadapuram*

# TABLE OF CONTENTS


3 About the School

4-5 Principal's Desk

7-8 Achievement's Corner

9-13 Moments Beyond The Classroom

14-38 Through Student's Ink

39-51 Art

# Achievement's Corner

"Success is not just about winning medals, but about discovering our potential and striving for excellence."

Jawahar Navodaya Vidyalaya, Pawarkheda continues to shine as a center of excellence where students transform their dreams into achievements. With dedication, discipline, and the guidance of our respected teachers, our students have excelled in academics, sports, cultural activities, and various competitions at different levels.

## Academic Excellence

Our students have consistently demonstrated outstanding academic performance in board examinations and various Olympiads. Their curiosity, hard work, and determination reflect the true spirit of Navodaya.

Performance of class 12th students in JEE mains 2026

- Uday Mishra 95.34%ile
- Jiger Katare 85.3%ile
- Harsh patel 85.2%ile
- Yash murliwar 75.5%ile
- Sourabh Kushwaha 70.47ile

15 students qualification for Gail super 100

## Sports Achievements

Sports play a vital role in shaping confidence and teamwork. Our talented athletes have brought pride to the school by participating and winning in district, regional, and national level tournaments in games such as athletics, football, volleyball, and kabaddi.

- 14 students participate in national level sports meet
- 02 students in SGFI ( TAEKWONDO)
- Anshika Sahu
- Shrishti patel

## Cultural & Literary Success

Creativity and expression flourish at JNV Pawarkheda. Students have actively participated in debates, quizzes, music, dance, and art competitions, winning accolades and representing the school with pride.

- Under Young Writers Editorial Club many students worked on critical writing which is published in the magazine

- Inter school quiz competition on operation SINDOOR conducted by kendriya vidyalaya itarsi and hoshangabad. Chandre Kumar Thakur and Sudhanshu kushwaha bagged the second prize.

## Co-Curricular Excellence

From science exhibitions and Scouts & Guides activities to environmental awareness programs, our students continue to show leadership, innovation, and responsibility toward society.

- In regional science Congress. Dstrict level Vigyan Mela and in inter District Vigyan Mela Chandre Kumar Thakur got the second prize for his project gravity battery.
- Bagless days - conduction of pottery classes and tie & dye
- Workshop on kathak Dance for Girls
- Workshop on tabla for Boys
- Construction of Atal Lab.

- *Establishment of Victory Corner*

***Proud Moments for Our School***

- *Outstanding results in CBSE Board Examinations*
- *Medals in regional sports competitions*
- *Participation in national level cultural and academic events*
- *Recognition in science and innovation activities*

*These achievements are the result of the combined efforts of our dedicated teachers, supportive parents, and hardworking students. Together, we continue to uphold the motto of Navodaya:*

***"Pragyanam Brahma – Knowledge is Supreme."***

*May our students continue to aim high, work hard, and bring many more laurels to JNV Pawarkheda in the years to come!*



# MOMENTS BEYOND THE CLASSROOM








**Students from our school went on an educational trip to Bhopal in the month of November 2025. They visited the Vidhan Sabha, Shourya Smarak, Birla Mandir and Bhojpur Temple to have better exposures.**






**Pottery classes in the Vidyalaya under bagless days was great fun and creative. Students learned how to shape clay and make small pots and bowls.**







**Atal lab in our Vidyalaya encouraged students to learn innovation, creativity and problem solving.**







**The Victory Gallery in the vidyalaya showcases students achievementin academics, sports and other activities.**







**Fireless cooking in school.**
**Students preparing simple and healthy dishes without using fire.**









**Community service rendered by our school students and developedempathy, responsibility and the sense of social awareness.**











**Students enjoying the celebration of New Year and Childrens Day.**








**Career Guidence Camp organized in the school to help students understand their strength, interest and future opportunities.**







**The medical Camp conducted in school to maintain health, school environment and promoting well being of students.**











**Beautification of the campus creates a pleasant and inspiring environment for students and staff. Planting trees, maintaining cleanliness and adding art space makes the campus look more attractive and ecofriendly.**







**Yoga classes help students to promote mental well being by reducing stress and improving physical fitness.**











**Tabla and Kathak classes enhancing grace rhythm and confidence through performances and training.**






**Self defence classes for girls conducted in the Vidyalaya to make them learn how to protect themselves in dangerous situations.**



# शिक्षा

शिक्षा है जीवन की पहचान,
अज्ञानता मिटाए, दे वरदान।
शिक्षा से सोच महान बने,
सही-गलत की पहचान बने।
कलम पकड़ो, सपने सजाओ,
मेहनत से अपना नाम बनाओ।
आओ, शिक्षा को अपनाएँ,
उज्वल भविष्य हम बनाएँ।

:- शुभम चौरे, साहिल कड़वे (XI 'B')

# नवोदय की यादें

जिन बातों को लेकर रोते थे, आज उन पर हँसी आती है।
ना जाने क्यों आज उन पलों की बहुत याद आती है।

कहाँ कहते थे बड़ी मुश्किल से सात साल बिताए हैं,
पर आज क्यों लगता है कि कुछ पीछे रह जाए।

वो दोस्तों का लेक्चर सुनते-सुनते सो जाना,
वो दोस्तों को नए-नए नामों से बुलाना।
वो यारों के साथ ख्वाबों को सजाना,

बहुत याद आएँगे नवोदय के दिन,
वो खुली हवा, वो बेफिक्र मौसम।

बड़े उतावले थे यहाँ से जाने को,
जिंदगी के अगले पड़ाव पाने को।

पर ना जाने क्यों,
मन में आज कुछ और आता है,
वक्त को रोक दूँ, ऐसा जी कर जाता है।

:- पूनम अहिरवार (VIII 'B')

# किताब का ज्ञान

किताब है ज्ञान का भरमार,
किताबों में ज्ञान की चहचहाहट है,
किताब हमसे कुछ बताना चाहती है,
किताब में ज्ञान का जादू है।

किताब में ज्ञान का भरमार है,
किताब है जीवन का संसार,
किताब मनुष्य की सफलता का राज,
किताब तुमसे कुछ कहना चाहती है।

किताबों से डरकर नहीं,
किताब से पढ़कर हमें,
किताब से होती ज्ञान की 'प्राप्ति',
किताब है तो सब कुछ है।
किताब में विज्ञान का भरमार है,
किताब में गणित का ज्ञान है,
किताब में राजनीति का पाठ है,
किताब में रचा हुआ इतिहास है।

किताब में रॉकेट का राज है,
किताब में पानी का ज्ञान है,
किताब में हरियाली की हरियाली है,
किताब में ज्ञान का भरमार है।

[किताब पढ़कर इंसान इतिहास बदलता है।]

:- ध्रुव सोलंकी

# SWITZERLAND

Silver peaks that kiss the blue,
Valleys bloom in morning dew.
Trains glide soft through mist and pine
Where peace and dreams together twine.

Chocolate melts like gentle grace,
Snowflakes dance in love enhance.
In every breeze, a lullaby –
Sweet Switzerland beneath the sky.

Love

ABOUT :-
Capital ~ BERN
Currency ~ Swiss Franc
Languages ~ German, French, Italian, Romansh
Population ~ 8.8 million
Continent ~ Europe

Did You Know:-

- There are more banks than dentists in Switzerland.
- It's one of the safest and cleanest countries in the world.
- The famous Swiss Army knife was invented there.

"I'd love to visit Switzerland one day to ride the scenic trains and taste real Swiss chocolate!" — NAVYA SAHU 7 b

# हरा चश्मा

किरदार: रोहन: एक चरवाहा
राघव: रोहन का मित्र

एक बार एक गाँव में एक रोहन नाम का चरवाहा रहता था। वह अपने दोस्त के साथ गाय चराने जाते थे। रोहन और राघव बहुत ही अच्छे मित्र थे। एक दिन वह बाजार घूमने के लिए गए। वहां उन्हें कपड़े, सब्ज़ी, चश्मे आदि की दुकान थी। उन्होंने वहाँ से कपड़े लिए और आगे बढ़े। राघव ने चश्मे की दुकान पर जाकर कई चश्मे पहनकर देखे। फिर रोहन ने एक हरा रंग का चश्मा खरीदा। उसने वह पहनकर देखा तो सब कुछ हरा-हरा लग रहा था।

फिर कुछ दिन बाद रोहन की तबीयत थोड़ी खराब हो गई, तो उसने राघव से कहा की "अब तुम इन गायों के लिए कुछ सूखी घास ले आना।" पर वह गाय ने तो कुछ दिन तक ही वह सूखी घास खाई। फिर रोहन भी परेशान रहता था कि ये घास क्यों नहीं खा रही है? उसने कुछ लोगों से पूछा पर उनको भी कुछ नहीं पता था।

फिर एक दिन राघव घास लेकर आया तब उसने रोहन से कहा "तुम्हारा हरा चश्मा कहाँ है?" तो उसने कहा कि "वह मेरे पास रखा है।" (रोहन लेकर आया और उसने राघव को दिया।
राघव ने वह चश्मा गाय को पहना दिया, फिर घास दी तो घास हरी दिखी तो गाय हरी घास समझकर सारी घास खा गई।

:- उदय मालवीय (VIII 'A')

# कामयाबी हुनर की

जो रुतबा तुम्हें इस जग से पाना है,
वह हुनर के बदौलत ही तो आना है।

ये दुनिया तुम्हारे जज़्बातों की बुलंदी नहीं,
उस हुनर की सफलता चाहती है।
ये दुनिया तुम्हारी मेहनत से जुड़ी कुर्बानी नहीं,
उस अनोखी मेहनत की कामयाबी माँगती है।

अपने हुनर को तुम्हें कभी दबाना नहीं है,
जितना हो सके उसे उभारकर निखारना।
तुम्हारे हुनर से जितना मुँह मोड़ते जाओगे,
उतनी ही अपनी सफलता से पीछे हटते जाओगे।

जो रुतबा तुम्हें इस जग से पाना है,
वह हुनर के बदौलत ही तो आना है।

:- शिविका राज (X 'B')

# आगे बढ़ चलो

आज तुम आगे बढ़ चलो,
माता-पिता का नाम रोशन करो।
आएँगी कई कठिनाइयाँ तुम्हें,
लेकिन फिर भी आगे बढ़ चलो।

रुकना नहीं है, झुकना नहीं है,
लोगों की बातों में लगना नहीं है।
बढ़ते जाना है देख कर सपना,
जो होगा कल को अपना।

माता-पिता ने देखा है जो सपना,
बना लो उसे जल्द ही अपना।
जब होगी खुशी माता-पिता को,
जब आगे चलोगे आप भी।

जो हार गया सो मर गया,
जीवन का सपना उड़ गया।
जिसने देखा है सपना,
वो हुआ है एक दिन अपना।

:- नित्या पटेल (X 'B')

## A House Can Never Be A Home

You can get medicine in a house, but not the cure like a home.

You can get food in a house, but not the taste like a home.

You can have a good day in a house, but not the memories.

You can have friends in a house, but not the family.

You can sleep in a house, but not get relief like a home.

You can get happiness in a house, but not the emotion.



:- Devansh Patel, (X 'A')

## इरादा

तू भर उड़ान, न रोकेगा कोई।
तू बना अपनी मंज़िल, न आएगा कोई।
तू पंख बन, न तोड़ेगा कोई।
तू कली है एक, खिल कर देख।
बढ़ चल आगे, कोई न टोकेगा।
बना अपना रास्ता, कोई न चलेगा।
कर कोशिश, कोई नाकाम न करेगा।
तू कोयल है एक, गाकर देख।
तू रात का उजाला है, कभी न बुझेगा।
तू जलता दिया है, कभी न बुझेगा।
तू फूल है इस कली का, कभी न मुरझाएगा।
तू चाँदनी है एक, चमक कर देख।
तू कलम है इस किताब की।
तू सुर है इस राग का।
तू बूंद है बारिश की।
तू इरादा है इस कविता का।

:- हिमांशी मेहरा (VIII 'B')

## अकेला सफर

क्यों घबराता है दुनिया से?
वहाँ पर सब तुम्हें साथ देंगे।
बचना है तो बच लो, यहाँ खुद के पास साँप हैं,
तुमको ही काट लेंगे।

सफर में अक्सर अकेले होते हैं लोग,
मगर कुछ किस्सों में साथ होते हैं।
ये भटका देंगे तुम्हें, ये बड़े खतरनाक होते हैं।

क्यों घबराता है दुनिया से?
वहाँ पर सब तुम्हें साथ देंगे।

आएंगे तो सफर में आगे ले जाने के लिए,
और रास्तों के मोड़ पर छोड़ देंगे।
भटकते रहोगे मंजिल के लिए,
ये इस तरह तुम्हें तोड़ देंगे।

:- कार्तिक ठाकुर गौंड ( XI 'B')

# I CLOSE MY EYES

I sat on Earth, closed my eyes.
I can feel my breath; it smells so nice.

Imagine an ocean with a pleasant breath;
the waves of the ocean take all my stress.

Chirping of birds in a tree's barrow,
slowly inhaling all my sorrow.

Ten minutes of life, I close my eyes;
it feels so happy, it feels nice.

Opening my eyes, back to life;
feels like moving from a cough to a sharp knife.

There is no breeze to hold my stress,
not the ocean, who held all the mess.

All was there through thought and sight,
and I sat on Earth, trying to close my eyes.

:- Devansh Patel (X 'A')

# वर्षा ऋतु

वर्षा ऋतु आने वाली है,
सबको अलग खुशी मिलने वाली है।
आसमान में बादल आए,
काले-काले बादल छाए।
सबको एक संदेश मिला है,
बारिश का फूल खिला है।
तभी घर पे एक बूँद गिरी,
तभी बारिश शुरू हुई।
आस-पास के लोग सभी,
अपने घर के अंदर चले गए हैं।
तभी बिजली चमकी ज़ोर से,
मोरों की आवाज़ आई शोर से।
मोरों ने नृत्य शुरू किया क्यों?
क्योंकि गर्मी से राहत मिलने वाली थी।
बच्चों ने कई नावें बनाईं, नाव बनाकर उन्हें तैराईं।
बच्चे बारिश में खेल रहे हैं, मेंढक भी गीत गा रहे हैं।
सूखी बंजर ज़मीन को, मिलने वाली थी हरियाली।
जब मिली राहत मिट्टी को, तब लहराते खेत हैं अब तो।
सबकी प्यारी वर्षा ऋतु, मनमोहक न्यारी वर्षा ऋतु।

:- अभिनेष भल्लावी (VII 'A')

# चिड़िया

हमे आज़ाद रहने दो,
न पिंजरे में सुंदरता बढ़ेगी हमारी।
नीला आकाश छूना है हमें,
सच कहूँ तो कृपा होगी तुम्हारी॥

जंगल हमारा आशियाना है,
हम वहाँ ही खुशी से रह पाएँगे।
चाहे दिल में आँगन बना लो हमारा,
हम वहाँ भी खुशी से न रह पाएँगे॥

हमें प्यार है पेड़ों से, हमें प्यार है उड़ने से।
तैरते-तैरते हवाओं संग, मंजिल की राह पर बढ़ने से॥

हम दिल को दिलासा देते हैं, कोई दिन भी ऐसा आएगा।
हमारी प्रार्थना के प्रयासों से, यह पिंजरा भी पिघल जाएगा॥

उड़ जाएँगे कहीं दूर हम,
न वापस कभी यहाँ आएंगे।
तुम आज़ाद तो करके देखो हमें,
हम उड़ते ही चले जाएंगे॥

:- अंश सोनी (VII 'B')

# A Little While

The sun leaned low upon my day,
And painted gold where shadows lay.
The wind hummed softly, shy and small—
Like it had something sweet to call.

A bird went tracing loops of sky,
While clouds pretended not to cry.
And in that hush, I thought of you,
The way you laugh, the things you do.

It's strange how simple moments grow,
How quiet hearts can start to glow.
The world feels lighter, just because
You smiled and didn't ask what for.

So stay a little while, my dear,
The stars won't mind if you are here.
Let's waste the night, and maybe then—
Begin the same small dream again.

:- NAVYA SAHU (VII 'B')



***HARSH MEHRA 6th A***

# स्वामी विवेकानंद

उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत।
स्वामी विवेकानंद की यही पुकार।
ज्ञान, चरित्र, साहस लेकर, जीवन बनाओ उज्ज्वल सार।

भारत की संस्कृति सिखाती, सेवा, प्रेम और सम्मान।
युवाओं में भरा जोश नया, देश को बनाना महान।

ज्ञान का दीप जलाते जाओ, अंधियारे को दूर करो।
मेहनत, साहस, सच्चाई से, जीवन अपना सँवारो।

सेवा, प्रेम, आत्मबल से, भारत को तुम निखारो।
स्वामी विवेकानंद का यही अमृत उपदेश।
अच्छे बनो, सच्चे बनो, महान बने अपना देश।

:- AHAM MEHRA (VIII 'A')

# राणा की वीरता

राणा की तलवार बहुत ही प्यारी।
इनकी तलवार से निकली खून की धारी।

इनकी तलवार ने लड़े हैं बहुत युद्ध,
इनकी तलवार ने कभी युद्ध न हारे।


राणा जीते हैं बहुत शान से,
इनके घोड़े ने बढ़ाया इनका मान रे।

राणा जब युद्ध में आते थे,
अकबर के सैनिक थर-थर काँप जाते थे।

राणा के साथ किया अपने लोगों ने विश्वासघात।
राणा ने दिया उनको विश्वास के साथ मात।

राणा ने लिया वनवासियों के यहाँ आस,
वहाँ भी अकबर के जासूसों ने किया अपना वास।

राणा कभी न लेते दूसरों से वेतक,
तभी तो उनके घोड़े का नाम था चेतक।




***PURVI PATEL 7th A***

सब उन्हें राजा प्रताप महाराणा कहते।
सब लोग उनके नाम का नारा जपते।
राणा कभी न अकबर के सामने झुके थे,
तभी तो उनके चेतक के पैर युद्ध के दौरान टूटे थे।
राणा के पास भाला और चेतक एक समान थे,
तभी तो राणा अकबर से महान थे।
:- शिवेन्द्र नारके ('VIII')

# 2047 का विकसित भारत

सन् '47 का विकसित भारत, खुशियों का भारत बन जाएगा।
'सोने की चिड़िया' कहते थे जिसको, फिर 'सोने की चिड़िया' कहलाएगा।

सन् '47 में भारत बहुत आगे बढ़ जाएगा,
साथ मिलकर तिरंगे को लेकर, किसी भी ग्रह पर चढ़ जाएगा,
और अंतरिक्ष में भी तिरंगा लहराएगा।

हिमालय की ऊँचाई और समुद्र की गहराई में,
हर क्षेत्र में अव्वल आएगा।
फिर सन् '47 में मेरा भारत, फिर से 'विश्व गुरु' कहलाएगा।

कृषि और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भी तरक्की कर जाएगा।
तरक्की करते-करते, भारत महान बन जाएगा।
कर सेना का सशक्तिकरण, सैन्य सशक्त देश कहलाएगा।

दुश्मनों को परास्त कर, पूरी दुनिया में परचम फहराएगा।
हर मिशन सफल होगा, हर कार्य बन जाएगा।
AI से सब कार्य होगा, विकसित देश कहलाएगा।

सन् '47 का विकसित भारत, खुशियों का भारत बन जाएगा।
'सोने की चिड़िया' कहते हैं जिसको, फिर 'सोने की चिड़िया' कहलाएगा।

:- गगन कुशवाह (XI 'B')

# आजादी

आजादी सिर्फ शब्द नहीं,
यह साँसों की पहचान है।
ज़ंजीरों से टूटकर निकली
आत्मा की उड़ान है।

बर याद रहे इस आजादी की
एक कीमत भी है भारी।
कर्तव्यों से जुड़ी होती है
हर सच्ची ज़िम्मेदारी।

जब अधिकार संग कर्तव्य निभे,
तभी राष्ट्र महान बने।
आजादी तभी अमर हो,
जब मानवता पहचान बने।

जय हिन्द, जय भारत।

:- बसंत चौधरी (XI 'B')

# ये वतन है हिन्दुस्तान हमारा

इज्जत दी है जो तुम्हें, उसे दिल से न मिटाओ...!
ये वतन है हिन्दुस्तान हमारा, इसे पाकिस्तान न बनाओ...!

हर धर्म और जाति का हम करते हैं सम्मान यहाँ,
नफरत के बीज बोकर, हमें आपस में न लड़ाओ...!

लहू से अपने सींचा है इस धरती को शहीदों ने,
वीर भगत, चंद्रशेखर और सुखदेव को न भुलाओ...!

राष्ट्रहित में जो काम करें, उस काम को भी सराहो,
नेहरू, जिन्ना और गांधी की गलतियों को न दोहराओ...!

देश में छुपे उन गद्दारों की बातों में तुम न आओ,
सबका साथ, सबका विकास — इस स्लोगन को अपनाओ...!

:- Aastha Tomar (VII 'A')

# प्यारा हमारा भारत देश

प्यारा हमारा भारत देश, इसके कपड़े सबसे विशेष।
यहाँ की संस्कृति को पूरा विश्व नवाता,
यही हमारे देश को महान बनाता।

उत्तराखंड की टोपी, एक अलग पहचान बनाती।
पंजाब की पगड़ी, पंजाबियों की शान बढ़ाती।

राजस्थान का घूमर, गुजरात का गरबा,
यही चीज़ें त्योहारों की शान हैं,
ये चीज़ें भारत का मान हैं।

तमिल की सफेद शर्ट और लुंगी, गर्मी को भगाती।
वहीं कश्मीर की साड़ियाँ, ठंड में गरमाहट लाती।

उत्तर प्रदेश का कत्थक, मध्य प्रदेश का आदिवासी नृत्य।
लोकनृत्य की शान बढ़ाते, और देश का हृदय सजाते।

प्यारा हमारा भारत देश, इसके कपड़े सबसे विशेष।
यहाँ की संस्कृति को पूरा विश्व नवाता,
यही हमारे देश को महान बनाता।

:- नित्यांश साहू (VIII 'B')

# वीरों की गाथा

भारत की उस धरती पर,
उन वीरों ने हैं प्राण दिए।
भारत माँ की रक्षा के खातिर,
उन्होंने यह संकल्प लिये।

उन वीरों ने हमारी धरती में,
अपने प्राणों का भी दांव दिया।
उन वीरों को हम करते नमन,
जिन्होंने प्राण देकर हमको,
नया जीवन-दान दिया।

गाते हैं हम उन वीरों की गाथा,
जिन्होंने धरती माँ का ख्याल लिया।

:- देवेन्द्र अहिरवार (VII 'B')

# वीर शिवाजी

यह कहानी हम सुनाते, उस वीर, उस महान की।
नाम था उसका शिवाजी राजे, दक्खन में जन्मे एक फ़ौलाद की।

1630 में जन्मा, मुगलों के लिए एक तूफ़ान था।
मुगलों के कानों में बजता उसका हाहाकार था।

स्वराज बनाने की जब उसने मन में ठानी थी,
मुगल सल्तनत में खड़ी एक बड़ी परेशानी थी।

जीजाबाई का पुत्र था, युद्ध-कौशल में महान था।
उसने लिखा तलवारों से हिंदुस्तान का इतिहास था।

शिवाजी के राजतिलक से मुगल सल्तनत काँपी थी।
शिवाजी जब आते रण में, मुगल सेना काँप जाती थी।

स्वराज बनाना स्वप्न था उसका, यह बात उसे बहुत भाती थी।
मराठे जब जाते युद्ध में, मुगल सेना काँप जाती थी।

:- प्रणव स्वामी, सार्थक पटेल (VIII 'A')





# मेरी पाठशाला

मेरी पाठशाला एक, इसमें काम अनेक,
परंतु इसमें सिखाते, हम सब एक।

मेरी कक्षा की शिक्षिका, माधुरी मैम,
पढ़ाती वो खिलाके गेम, बन गई वो पसंदीदा मैम।

मेरा था एक दोस्त,
जिसका नाम था विकास, वह था बहुत खास।
अगर मुझसे दूर होता, तो न ले पाता सांस।

नवोदय की पुरानी कहानी थी जो,
सभी को सुनानी थी।
शिक्षकों की मेहनत की कुर्बानी थी,
जो विश्व ने पहचानी थी।

जिसने हमें दिलाया गौरव, वह सर का नाम था सौरभ,
गणित को जिसने आसान बनाया,
हाउस में मजाक-मस्ती से मन बहलाया।

जिसने हमें बनाया उच्च,
वह है मेरा प्रिय नवोदय।

:- Naitik Chauhan (VIII 'A')



# नवोदय नर्मदापुरम

यह नवोदय नर्मदापुरम है, कोई भ्रम नहीं। [2]
शांत और एकांत ले जाए हमें, मिला दे खुद से खुद को ये,
यह भ्रम नहीं, यह नवोदय नर्मदापुरम है।

जहाँ सूरज की किरणें पड़ें एक छोर पर,
चिड़ियों की चहचहाहट लाए नए मोड़ पर।
सुबह कभी आके महसूस करो एकांत में,
यह नवोदय नर्मदापुरम है, यह बहुत शांत है।

[यह नवोदय नर्मदापुरम है, कोई भ्रम नहीं] [2]

यहाँ पर लोग उठने से सोने तक व्यस्त होते हैं।
परेशानियाँ हैं बहुत, फिर भी मस्त होते हैं।
रोते हैं नई उम्र के लोग, परिवार को याद करके;
पुरानी उम्र के लोग आने वाले सफर के शोर में गुम होते हैं।

यह नवोदय नर्मदापुरम है, कोई भ्रम नहीं।

करते सभी हैं मेहनत, पर वह शिक्षा है, भ्रम नहीं।
सर्व है नवोदय, कुछ कम नहीं।
यह नवोदय नर्मदापुरम है, भ्रम नहीं। [2]

:-कार्तिक ठाकुर गौंड -(XI 'B')

# नवोदय धर्म में

मैं उस नवोदय में रहता हूँ,
जहाँ छंटकर बच्चे आए थे।

मैं उस नवोदय में रहता हूँ,
जहाँ डंडे हमने खाए थे।

मैं उस नवोदय में रहता हूँ,
जहाँ खाना बिल्कुल होटल सा।

कभी-कभी हड़ताल करी,
भोजन पर थी अंगार खड़ी।
जहाँ सीखा हमने खेल-कूद,
और कर लिया तन मजबूत।

:- संस्कार ब्रम्हवंशी (X 'A')

# एक पंछी उड़ चला

अपने हौसले बुलंद कर, एक पंछी उड़ चला।
ऊँचे आसमान में, अपनी मंज़िल को खोजने चला।

दूर हुआ वो अपनों से, पर उनकी दुआओं से चला।
कोशिश तो थी कहीं हार न मानने की, इसी सहारे से बढ़ चला।

ठोकरें तो आएँगी कई, उन्हें पार कर चला।
इस दुनिया से दूर, अपनी अलग दुनिया बनाने चला।

अपनी कामयाबी का हौसला लिए, एक पंछी उड़ चला।

:- शिविका राज (X 'B')

# कुछ करने को

मैंने ठाना है कुछ करने को, अपने आप से ही उभरने को।
गिरने में भी चलने को, और जीकर आगे बढ़ने को।

कुछ सीखना है कुछ करने को, कुछ करना है तो करने दो।
लक्ष्य रखना है कुछ बड़ा, तो कुछ मिलेगा करने को।

कुछ बड़ा किया तो फल मिला, अगर आज नहीं तो कल मिला।
जीवन में आगे बढ़ने को, कुछ करने को, कुछ करने को।

दुनिया कहती—"होगा नहीं तुमसे", तुम अपने मन के साथ चलो।
तुम चलते रहो और करते रहो, अगर जीना है कुछ करने को।

चेहरे पर मुस्कान लिए, दिल में अपना अरमान लिए।
दुनिया से लड़ो उसे पाने को, अपने आप को आगे लाने को।

जीत भी होगी, हार भी होगी, हर मुश्किल से तकरार भी होगी।
तुम तैयार रहो उनसे लड़ने को, कुछ करने को, कुछ करने को।

:- लक्ष्य पटेल (VIII 'A')

# हौसला

रख हौसला, कर बुलंद खुद को,
तू आगे बढ़ने का प्रयास कर।
चूमेंगी कदम धरती तेरे,
आसमां भी ताज बन जाएगा।

तेरे आगे-पीछे होंगे लोग बहुत,
पर्वत भी सर झुकाएगा।
तेरी जय-जयकार से यह प्रकृति गूंज जाएगी,
जब मेरे दोस्त,
तुझे सफलता मिल जाएगी।

:-अनुराधा केवट (XI 'B')

# प्रकृति

पक्षियों की आवाज़ से, वर्षा की बहार तक।
नदी के बहाव से, समुद्र की तकरार तक।
हर जगह बसा हूँ मैं। हर जगह छुपा हूँ मैं।
प्रकृति की पुकार को, जीव की दहाड़ को।
बादल की धड़-धड़ाड़ को, वृक्ष की चीख की पुकार को,
आवाज़ देता हूँ मैं, साथ देता हूँ मैं।

- Vanshika Sharma, 7th 'B'

# नृत्यांगना सुधा चंद्रन

जीवन के किसी भी क्षेत्र में शिखर तक पहुँचने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम की आवश्यकता पड़ती है। कई लोग ऐसे भी हुए हैं, जिन्होंने शारीरिक अक्षमता के बावजूद संघर्ष किया है और लक्ष्य प्राप्त किया है। ऐसा ही एक नाम है—सुधा चंद्रन। पैर खराब होने के बावजूद वह चोटी की नृत्यांगना बनीं।



सुधा चंद्रन की माता श्रीमती थंगम एवं पिता श्री के. डी. चंद्रन की हार्दिक इच्छा थी कि उनकी पुत्री राष्ट्रीय ख्याति की नृत्यांगना बने। इसीलिए चंद्रन दंपति ने सुधा को पाँच वर्ष की अल्पायु में ही मुंबई के प्रसिद्ध नृत्य विद्यालय 'कला सदन' में प्रवेश दिलवाया। पहले-पहले तो नृत्य विद्यालय के शिक्षकों ने इतनी छोटी उम्र की बच्ची के दाखिले में हिचकिचाहट महसूस की, किंतु सुधा की प्रतिभा देखकर सुप्रसिद्ध नृत्य शिक्षक श्री के. एस. रामास्वामी भागवतार ने उसे शिष्या रूप में स्वीकार कर लिया और सुधा उनसे नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करने लगी। जल्द ही सुधा के नृत्य कार्यक्रम विद्यालय के आयोजनों में होने लगे। नृत्य के साथ-साथ,अध्ययन में भी सुधा ने अपनी प्रतिभा दिखाई लेकिन सुधा के स्वप्नों की इंद्रधनुषी दुनिया में अचानक 2 मई, 1981 को अंधेरा छा गया। 2 मई को तिरुचिरापल्ली से मद्रास (चेन्नई) जाते समय उनकी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में सुधा के बाएँ पाँव की एड़ी टूट गई और दायाँ पाँव बुरी तरह जख्मी हो गया। प्लास्टर लगने पर बायाँ पाँव तो ठीक हो गया, किंतु दाएँ पैर में 'गैंग्रीन' (एक प्रकार का कैंसर) हो गया। ऐसे में डॉक्टरों के पास सुधा का दायाँ पैर काट देने के अलावा और कोई रास्ता नहीं था। अंततः दुर्घटना के एक महीने बाद सुधा का दायाँ पैर घुटने के साढ़े सात इंच नीचे से काट दिया गया। एक पैर का कट जाना संभवतः किसी भी नृत्यांगना के जीवन का अंत ही होता। सुधा के साथ भी यही हुआ। सुधा ने लकड़ी के गुटके के पाँव और बैसाखियों के सहारे चलना शुरू कर दिया और मुंबई आकर वह पुनः अपनी पढ़ाई में जुट गई।

:- Vaishnavi Ahirvar (VII 'B' )

# Deep Inside the Eye

The world consists of various things; everything is beautiful than one another. Have you ever thought what is the most beautiful thing in this world? Is it the Eiffel Tower of Paris? Is it a drop of water on a leaf or the sunset on the ocean? Everything is beautiful one after another, no? Then what is the most beautiful thing in this world?

It became more difficult to find beauty in a world full of hatred. It is a truth fact that everyone hates everyone to some extent. And this can be considerable because no one is perfect in this world. Everyone has their own weak points. Back to the point, how can you find the beauty?

The answer is very much simple. The most beautiful thing in this world are our eyes, because they can make anything the most beautiful thing in the world. The beauty varies by the point of view of the eye. Just think about a man with a purple dull face, without a hand. From your eye or your perspective, he is bad, no good or not beautiful, but think about the same person from his mother's eyes. Did you think she will say that he is ugly? No, because from her eyes, he is the most beautiful child in the world. Her eyes are the most beautiful thing in this world & like other, they have also the most beautiful eye in the world.

:- Sanskar Bramhawanshi & Ankiit Nagwanshi (X 'A')

# भारतीय हॉकी-गर्व और जुनून की एक विरासत

हॉकी भारत में सिर्फ एक खेल नहीं है यह हमारी राष्ट्रीय पहचान और गर्व का प्रतीक है। इसे भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है और इसका इतिहास गौरवशाली पलों, महान खिलाड़ियों और ऐसे जज्बातों से भरा हुआ है जिन्होंने पूरे देश को एकजुट किया।

## स्वर्णिम युग

भारत में हॉकी की शुरूआत 20वीं सदी की शुरूआत में हुई और यह जल्दी ही लोकप्रिय हो गई। भारतीय हॉकी टीम ने 1928 में ओलंपिक में पहली बार भाग लिया और स्वर्ण पदक जीता। यहीं से भारत के स्वर्णिम युग की शुरूआत हुई। 1928 से 1956 तक भारत ने लगातार 06 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते। मेजर ध्यानचंद और बलवीर सिंह सीनियर जैसे महान खिलाड़ी देश के नायक बन गए।

## संघर्ष और गिरावट

लेकिन यह सुनहरा दौर हमेशा नहीं रहा। 1970 और 1980 के दशक में भारत को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। खेल में कृत्रिम टर्फ (सिंथेटिक मैदान) के आने से खेल की शैली बदल गई। भारत इस बदलाव के साथ तालमेल नहीं बिठा पाया और अन्य देश आगे निकल गए। 1980 के मास्को ओलंपिक में भारत ने आखिरी बार स्वर्ण पदक जीता, लेकिन इसके बाद प्रदर्शन में गिरावट आई।

## फिर से वापिसी

कई उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय हॉकी ने हार नहीं मानी। पिछले कुछ वर्षों में इस खेल ने फिर से मजबूती से वापसी की है। बेहतर प्रशिक्षण, विदेशी कोचिंग और सरकार व खेल संगठनों के सहयोग से टीम ने फिर से चमक दिखानी शुरू की। सबसे गर्व का क्षण 2021 के टोक्यो ओलंपिक में आया, जब भारतीय पुरूष टीम ने 41 वर्षों बाद कांस्य पदक जीता। महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और पहली बार सेमीफाईनल तक पहुँची और 2024 लंदन ओलंपिक में भी भारतीय हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता।

## निष्कर्ष

भारतीय हॉकी की कहानी गौरव, संघर्ष और आत्मविश्वास की कहानी है। स्वर्ण पदकों से लेकर ऐतिहासिक वापसी तक यह सफर प्रेरणादायक है। यह हमें सिखाता है कि अगर जुनून और मेहनत हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

:- रिदा फ़ातिमा सिद्दीकी (VIII 'B')

# Importance of Physical Fitness and Sports in Students' Life

Physical fitness and sports play a powerful role in shaping a student's life. In a world full of academic pressure and screen time, regular physical activity keeps the body active and the mind fresh. A healthy student is more energetic, focused, and confident in the classroom.

Sports not only build strength and stamina but also teach discipline, teamwork, leadership, and time management. Winning builds confidence, while losing teaches patience and resilience. These lessons help students grow into responsible and strong individuals.

In short, sports and physical fitness are not just extracurricular activities — they are essential for a happy, healthy, and successful life.

-Afaque Jahan Khan TGT (Physical Education)



# वडील माझे गुरु

माझे वडील माझे गुरु ।
त्यांच्यापासून माझे जीवन सुरू ॥
मला कष्ट झाल्यावर ।
त्यांचे दिवस कळू ॥
आणि ते माझ्या जीवनाचे सर्वश्रेष्ठ गुरु ॥

मला हरवेळेस ते आठवतात आणि ।
त्यांच्या गोष्टी मला त्यांच्याकडे ओढतात ।
भेटल्यावर ते मला हर्षतात ।
आणि दूर होताना मनात रडतात ॥

माझे पुण्य काय हे मला नाही कळले ।
आणि या कलियुगात रामासारखे 'दादा' मला मिळाले ।
दादांच्या हिमतीने मला जोडले ।
आणि जीवनाच्या खऱ्या रस्त्यावर सोडले ॥

गुरूंचे गुरु आजोबांनी संस्कार दिले ।
ज्यांमुळे आम्ही पुढे नाव कमवले ॥
आईचे अनमोल उपकार ।
तिने मला जन्म दिला ।
आणि बाबांनी सर्व सोडून मला पुढे केला ॥

देवा तुझी कृपा सर्व वेळेस असू दे ।
आणि असे 'आई-बाबा' मला सर्व जन्मात मिळू दे ॥

अशा गोड आठवणींत मी खेळतो ।
आणि माझ्या जीवनात सुख येऊ दे, अशा कुशल चिंतेत ॥

:- गौरव पाटील (XI)

# वर्षा ऋतु

वर्षा ऋतु आती है, ढेर पानी लाती है ।
हरियाली लहराती है, सबको तो नहलाती है,
सबका मन बहलाती है ।

वर्षा ऋतु आती है, ढेर पानी लाती है ।

गर्मी को सब खोते हैं, फसलों को सब बोते हैं ।
मेढ़क टर-टर करते हैं, नदियाँ भी बहने लगती हैं ।

वर्षा ऋतु आती है, ढेर पानी लाती है ।

:- अमित कुमार देवड़ा (VII 'B'|)

# गौरैया सी धूप

निकली घोंसले से सूरज के,
चुगने आई दाने-दुनके ।
लगी चहकने डाली-डाली, गौरैया सी धूप ।

रात गुजारी जैसे-तैसे, करके पहरेदारी ।
सर्दी सोई है अब जाकर,
ठिठुरी, थकी, बेचारी ।

बिछी हुई आँगन में,
नरम बिछौने जैसी धूप ।

मौसम के मेले में,
छाए ज्यों खजूर और पिस्ता ।
धूप हुई है भुनी मूंगफली,
गज़क करारी खस्ता ।

सूरज के बटुए से गिरी, रुपैया जैसी धूप ।
किलक दूधिया दाँत दिखाती,
है गुड़िया सी धूप ।

दूध पिलाती, लोरी गाती,
मैया जैसी धूप ।
फुदक रही है डाली-डाली,
गौरैया की धूप ।

:- भूमि पटेल (VIII 'B')

# शिक्षक

जो हमें अध्ययन कराते हैं,
सही गलत में अंतर समझाते हैं ।
हमारे सपनों की उड़ान में हमारा साथ दे जाते हैं ।
वो शिक्षक ही तो हैं,
जो हमें भविष्य के लिए तैयार कर जाते हैं ।

हम नहीं जानते कि सही गलत क्या होगा ।
लेकिन जब वो समझाते हैं,
कि आने वाला कल आज से अच्छा होगा ।
बस खुद पर भरोसा रखो,
तुम्हारा भविष्य अच्छा होगा ।

हम नहीं जानते कि आपको हम,
कितना धन्यवाद दे पाएंगे ।
लेकिन आपको विश्वास दिलाते हैं,
कि आपके ये बच्चे आपका,
आपके साथ इस विद्यालय का,
नाम रोशन कर जाएंगे ।

-भुमीका, XII 'A'

## Karan

Karmic burden of
lives forgotten;
make him mean
by things unseen.
A "good" man
who is no good;
a great being
only when he stops being.
A fate's child,
best untouched.

## Isha

The Divine you seek
will play in every step that you take.
May you rise and show the world
what it means to be Isha.
Parvati: "I am in you
to make the Divine a daily
happening."

## Shiva

In this genderless scape does play
all that is this and that—
him and her, you and me.
Don't miss the canvas
in the play of multiple hues.

:- Ishani Patra (X 'B')

## Isha ~ Parwati

How can you be Isha?
Which rules the universe is Isha.
The intelligence that crafted the creation is
Isha. The very cosmic space is Isha.
The worms that crawl are Isha.
The leaf, green and brown, are Isha.
The earth and the sky are Isha.
All that is, is Isha.
All that is not, is Isha.
How can you not be Isha?

:- Ritika Patel, (X 'A')

## Heart Across Borders

My heart keeps walking, step by step,
holding memories I quietly kept.
It travels far through morning skies,
chasing dreams that never die.

Across the fields where soft winds roam,
it searches for places that feel like home.
Over the roads where strangers pass,
through golden sun and evening grass.

It crosses borders, wide and tall,
never scared of mountains or fall.
For every mile, it beats for you,
hoping you feel the same heart, too.

Sometimes distance feels too strong,
like empty nights that stretch too long.
But still my heart stays brave and true,
because every journey leads to you.

One day these roads will meet as one,
under the same warm, rising sun.
And all the gaps time made before
will fade like waves on a distant shore.

Till then, my heart keeps moving on,
from early dusk to breaking dawn.
A quiet promise that softly whispers—
love finds a way across all borders.

:- Navya Sahu (VII 'B')

# नकलची लड़का



बहुत समय पहले की बात है। एक बड़े से राज्य, विजयगढ़, में एक छोटा सा गाँव था जिसका नाम ढिढोई था। उस गाँव में एक लड़का रहता था; उस लड़के का नाम विनोद था। उसे दूसरों की नकल करने और मजाक उड़ाने में आनंद आता था। वो कोई काम नहीं करता था, बस पूरे दिन दूसरों की नकल और मजाक उड़ाता रहता था। दूसरे उससे बहुत परेशान थे।

एक बार राजा पूरे राज्य का निरीक्षण करने गए। विनोद ने राजा को देखा। विनोद के दिमाग में खुराफाती विचार आया। उसने सोचा की "मैं भी राजा की नकल करूँगा और सब मेरा आदर करेंगे।" पर विनोद बहुत बेवकूफ था। उसने घोड़े की जगह गधे के ऊपर बैठ गया और गधे की सवारी करने लगा, और पूरे राज्य को घूमने लगा। जो भी उसे देखता, हँसने लगता; पर विनोद को कुछ फर्क नहीं पड़ा। फिर वो गधा अचानक से रुक गया। विनोद ने बहुत कोशिश करी, पर गधा नहीं चला। आखिर में विनोद को गुस्सा आयी और उसने गधे के बाल नोच दिए। गधे ने विनोद को नीचे गिरा दिया और पीछे वाले पाँव से लात मारकर और पीछे फेंक दिया। सब लोग उस पर ठहाके मारकर हँस पड़े।

विनोद को बहुत बुरा लगा; उसने सोचा कि "राजा के कारण ये सब हुआ है, इसलिए मुझे राजा से बदला लेना होगा।" यह सोचते-सोचते विनोद वहाँ से शर्मिंदा होकर चला गया। उस रात वह नींद से उठा और पानी पीने गया, तभी उसे खिड़की के बाहर से एक चोर दिखा। उसके दिमाग में एक ख्याल आया की वह राजा से कैसे बदला ले सकता है।

दूसरे दिन वह महल को देखता है। महल देखते-देखते उसके दिमाग में एक रास्ता आया कि वो महल में कैसे जाएगा। उस रात लड़का छुप-छुपकर राज महल में गया। उसको लगता था की राज महल के राज खजाने में कम सुरक्षा होगी। वो महल के अंदर गया। उसको लगता था कि राज महल के राज खजाने में कम सुरक्षा होगी। वो महल के अंदर गया। अंदर जाते ही सिपाहियों ने उसे पकड़ लिया और कहा की "तुम कौन हो?" विनोद ने जल्दी-जल्दी में बोला, "मैं राजा का एक दूत हूँ, मुझे जाने दो।" सिपाहियों ने लड़के की बात सुनकर कहा, "अगर ये राजा का दूत हुआ और हमने उसे जाने नहीं दिया, और उसने राजा से शिकायत कर दी, तो हमारी नौकरी चली जाएगी।" तो उन्होंने उसे जाने दिया।


